न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारीः– लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 73/2022

गोकुलचन्द सोनी पुत्र श्री सोहनलाल सोनी, निवासी टमकोर, जिला झुंझुनूं (राजस्थान)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर।

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

आदेश

दिनांक 10.03.2022

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 17.02.2022 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 73/2022 पर दिनांक 18.02.2022 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021/515–16 दिनांक 18.02.2022 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर ने पत्रांक भू0अ0/2022/474 दिनांक 09.03.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवेदक द्वारा इस कार्यालय मे आवेदन प्रेषित किये जाने पर इस कार्यालय के पत्रांक भू0अ0/2022/461 दिनांक 08.03.2022 द्वारा आवेदक को बिन्दुवार सूचना भिजवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक भू0अ0/2022/474 दिनांक 09.03.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवेदक द्वारा उनके कार्यालय मे आवेदन प्रेषित किये जाने पर उनके कार्यालय के पत्रांक भू0अ0/2022/461 दिनांक 08.03.2022 द्वारा आवेदक को बिन्दुवार सूचना भिजवाई जा चुकी है अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि वह इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 10.03.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.03.31 11:56:21 IST
Reason: SelfAttested

(एल0एस0 कुडी)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुंझुनूं